प्रेस विज्ञप्ति

सतर्कता जागरूकता सप्ताह - कर्मचारियों के लिए वेबिनार

राष्ट्रीय आवास बैंक ने दिनांक 30 अक्टूबर से 5 नवंबर 2023 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वीएडब्ल्यू) का आयोजन किया। इस वर्ष के वीएडब्ल्यू का विषय - ‘‘ Say No to Corruption; Commit to the Nation” / **“भ्रष्टाचार का विरोध करे; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें”.**

सतर्कता जागरूकता सप्ताह की पूर्व संध्या पर, बैंक ने सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेही की महत्ता को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। सार्वजनिक प्रशासन में पारदर्शिता और अखंडता की आवश्यकता पर कर्मचारियों, क्षेत्रीय हितधारकों और जनता को जागरूक बनाने के लिए अखिल भारत में में स्थित क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा भी लोकसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय आवास बैंक ने पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के साथ संयुक्त रूप से 4 और 5 नवंबर 2023 को एम्स जिमखाना, एम्स परिसर, नई दिल्ली में 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' गतिविधियों के एक भाग के रूप में एक बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया। कर्मचारियों को सतर्कता जागरूकता, सत्यनिष्ठा और टीम भावना के प्रति जागरूक बनाने के लिए खेल का उपयोग एक माध्यम के रूप में किया गया। दोनों संस्थानों के 120 से अधिक अधिकारियों ने इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप सहभागिता दर्ज की। इस अवसर पर श्री एस. के. होता, प्रबंध निदेशक, राष्ट्रीय आवास बैंक, श्री दीपक मोहंती, अध्यक्ष, पीएफआरडीए, श्री ए. के. कनौजिया, अतिरिक्त सचिव, केंद्रीय सतर्कता आयोग तथा श्री श्रीकांत नामदेव, निदेशक, वित्तीय सेवाएं विभाग तथा श्री राहुल भावे, कार्यपालक निदेशक, रा.आ.बैंक ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। राष्ट्रीय आवास बैंक और पीएफआरडीए दोनों के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री सुशील कुमार ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। इस अवसर पर एम्स की अपर निदेशक सुश्री मनीषा सक्सेना भी उपस्थित थीं।

Welcome
VIGILANCE
November, 2023

NATIONAL HOUSING BANK
Pension Fund Regulatory and Development Authority
सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023
Vigilance Awareness Week 2023

राष्ट्रीय आवास बैंक
NATIONAL HOUSING BANK
Pension Fund Regulatory and Development Authority
सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023
Vigilance Awareness Week 2023